वीलचेयर के साथ किया जा सकेगा मेट्रो में सफ़र

AI Image

■ **वसं, मुंबई :** दिव्यांग यात्री मुंबई की पहली अंडरग्राउंड मेट्रो में वीलचेयर के साथ सफर कर सकेंगे। दिव्यांग यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुंबई मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एमएमआरसी) ने मेट्रो ट्रेन के भीतर वीलचेयर रखने की विशेष व्यवस्था की है। वहीं दिव्यांग या बीमार यात्री आसानी से ट्रेन तक पहुंच सकें, इसके लिए भी सभी स्टेशन परिसर में लिफ्ट की व्यवस्था की गई है।

दिव्यांग यात्रियों के लिए मेट्रो ट्रेन के भीतर होगी वीलचेयर रखने की सुविधा

यात्रियों के लिए स्टेशन परिसर में भी वीलचेयर की व्यवस्था की गई है, जो यात्री के अनुरोध पर उनको उपलब्ध कराई जाएगी। आरे से कोलाबा के बीच मेट्रो-3 कॉरिडोर का निर्माण कार्य चल रहा है। आगामी दो महीने में आरे से बीकेसी और वर्ष के अंत तक पूरे रूट पर सेवा शुरू हो सकती है।